विचारार्थ विषय

वरिष्ठ परामर्शदाता - राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) / (एक पद)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से उपर्युक्त पद को पूर्णतया संविदा आधार पर भरने हेतु योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिका और उत्तरदायित्वः

राष्ट्रीय आरबीएसके इकाई, बाल स्वास्थ्य प्रभाग के रूप में पद धारण करने वाले की निम्नलिखित जिम्मेदारियां होंगी:

- आरबीएसके क्रियान्वयन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए समय-समय पर जिन राष्ट्रीय कार्यक्रम अधिदेश और दिशा-निर्देशों पर सहमति हुई है, उनके अनुसार राष्ट्रीय स्तर पर और राज्यों में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के प्रबंध किए और तकनीकी सहायता प्रदान करना।
- मासिक निगरानी आंकड़ों का समन्वय और विश्लेषण। नियमित आधार पर आरबीएसके के राज्य से संबंधित और राष्ट्रीय आंकड़ों को एकत्र करना, तुलना करना और उनका विश्लेषण करना।
- राज्यों में कार्यक्रम क्रियान्वयन की समीक्षा करने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों और जिलों का आवधिक दौरा करना, क्रियान्वयन संबंधी चुनौतियों की पहचान करना और राज्यों को उपयुक्त समाधान निर्धारित करने में सहायता देना अथवा राष्ट्रीय आरबीएसके इकाई के साथ सलाह करते हुए राज्य या राष्ट्रीय स्तर पर तकनीकी इनपुट हेतु उपयुक्त संस्थानों के साथ संबंध स्थापित करने में सहायता देना।
- क्रियान्वयन में सुधार की सूचना देने हेतु फील्ड समीक्षा दौरों के विश्लेषण को दस्तावेजों में दर्ज करना।
- राज्यों और जिलों में सर्वोत्तम परिपाटियों और पहलों की पहचान करना और राज्यों को इसे दस्तावेजों में दर्ज करने में सहायता प्रदान करना।
- तकनीकी सहायता और कार्यक्रम पर्यवेक्षण के साधनों के रूप में आंकड़ों और क्षेत्रीय निष्कर्षों का प्रयोग करते हुए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में हुई प्रगति का आवधिक सार प्रदान करना।
- आरबीएसके क्रियान्वयन के विषयगत क्षेत्रों पर तकनीकी इनपुट प्रदान करना - जांच और जिला शीघ्र कार्यकलाप क्रियान्वयन केंद्र का कार्यान्वयन ।
- राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के लक्ष्यों और उद्देश्य के अनुरूप राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की कार्यक्रम क्रियान्वयन योजना (पीआईपी) की समीक्षा करना, निरंतरता और सहयोग का विश्लेषण करना। संघटकवार बजट की समीक्षा करना, मानदंडों का अनुपालन सुनिश्चित करना

तथा राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को राष्ट्रीय कार्यक्रम समन्वय समिति बैठकों में विचार विमर्श के लिए अंतिम रूप से तैयार पीआईपी के संशोधन और प्रस्तुतिकरण हेतु आवश्यक इनपुट प्रदान करना।

- जनपदिकमारी विज्ञान और आरबीएसके निगरानी इनपुट दोनों का प्रयोग करते हुए, योजनाओं का क्रियान्वयन करने तथा योजनाओं की समीक्षा करने तथा उसमें सुधार लाने के लिए राज्य स्तर पर क्षमताओं का निर्माण। कम कार्य निष्पादन करने वाले राज्यों द्वारा यथापेक्षित बजटीय और वित्तीय योजना बनाना।
- अध्ययन/मूल्यांकन प्रोटोकॉल का विकास और यथावश्यक अध्ययन करना और इस संबंध में मार्गदर्शन करना।
- रिपोर्टिंग प्राधिकारी द्वारा समय समय पर प्रदान किए गए अन्य कार्यों को करना।

ऊपर दिए गए सभी कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करना

पात्रता:

- किसी विख्यात और मान्यता-प्राप्त संस्थान से सामाजिक कार्य / स्वास्थ्य प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिग्री/ एमबीए।
- जन स्वास्थ्य प्रबंधन में न्यूनतम 6-8 वर्ष का अनुभव। सरकारी नीतियों / कार्यनीतियों, विशेषकर राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और राज्य स्वास्थ्य सोसायटियों के कार्यान्वयन में संगत अनुभव (न्यूनतम 3-4 वर्ष)। राष्ट्रीय या राज्य स्तर पर एनएचएम / आरसीएच में कार्य कर चुके उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी।
- स्वास्थ्य प्रणाली या जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में लेख प्रकाशित हुआ हो।
- एमएस ऑफिस, एमएस वर्ल्ड, एक्सेल, पावर प्वोईंट जैसे आमतौर पर उपयोग की उच्च स्तरीय जानकारी सहित कंप्यूटर में पारंगत हों और संगत आंकड़े तथा दस्तावेज ढूंढने के लिए वेब सर्फिंग कर सकें।
- उत्कृष्ट संप्रेषण और प्रस्तुतीकरण कौशल, विश्लेषणात्मक और अंतर-वैयक्तिक क्षमता, अंग्रेजी में उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संप्रेषण कौशल। हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान भी वांछनीय है।
- बहु विषयक दल के परिवेश में कार्य करने की क्षमता।
- राष्ट्रीय/राज्य स्तर पर स्वास्थ्य कार्यक्रम का प्रचालन करने का अनुभव।
- परियोजनाओं की समय सीमा के भीतर कार्य करने के साथ-साथ कई अलग-अलग परियोजनाओं पर कार्य करते हुए तकनीकी सहायता और क्षमता उपलब्ध कराने हेतु राज्य और जिलों की यात्रा करने हेतु तैयार रहना।
- राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में जिन अभ्यर्थियों ने कार्य किया है उन्हें वरीयता दी जाएगी।

- उच्च कोटि के प्रकाशित कार्य अथवा विशिष्ट क्षेत्र में संगत कार्यानुभव होने पर औपचारिक शैक्षिक योग्यता, अनुभव और आयु में छूट दी जा सकती है।

आयु: 1.4.2016 को अधिकतम आयु 55 वर्ष तथा अत्यधिक फील्ड दौरे करने हेतु अच्छा स्वास्थ्य होना चाहिए
पारिश्रमिक: प्रतिमाह 1,30,000 रुपए से 1,50,000 रुपए के बीच।
स्थान: दिल्ली

आवेदन दिनांक 04.06.2016 को अपराह्न 4:00 बजे तक ई-मेल **srconsultant.rbsk@nhsrcindia.org** पर या डाक द्वारा / दस्ती रूप में एचआर प्रबंधक, एनएचएसआरसी, एनआईएचडब्ल्यू कैंपस, बाबा गंगनाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली – 110067 को अवश्य पहुंच जाना चाहिए।

टिप्पणी:

- अपने जीवन-वृत्त में आयु, डिग्री उत्तीर्ण करने का वर्ष, वर्तमान और पिछले नियोजन की तिथि का उल्लेख करना अनिवार्य है, जिसके बिना आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- कृपया लिफाफे पर (डाक द्वारा भेजने पर) आवेदित पद और सबजेक्ट-लाईन (ई-मेल द्वारा भेजने पर) का उल्लेख करना सुनिश्चित करें, जिसके बिना आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- यदि उम्मीदवार एक से अधिक पद के लिए आवेदन करता है तो उसे प्रत्येक पद के लिए अलग से, टीओआर में उल्लिखित अनुसार विशेष ई-मेल पते पर, जीवन-वृत्त भेजना होगा।